# आगरा-लखनऊ व पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को जोड़ने के लिए बनेगा नया लिंक एक्सप्रेसवे

## 60 किमी होगी लिंक एक्सप्रेसवे की लंबाई, विस्तृत कार्ययोजना देने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ: प्रदेश सरकार आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को जोड़ने के लिए करीब 60 किलोमीटर का लिंक एक्सप्रेसवे बनवाएगी। इसके बनने से प्रदेश के सभी एक्सप्रेसवे आपस में जुड़ जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अधिकारियों से लिंक एक्सप्रेसवे के संबंध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जन आकांक्षाओं को देखते हुए फर्रुखाबाद जिले को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने की आवश्यकता है। इस संबंध में अध्ययन कर आवश्यक प्रस्ताव तैयार कराया जाए।

मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास में एक्सप्रेसवे के निर्माण की समीक्षा करते हुए दो नए लिंक एक्सप्रेसवे बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे के लिए बजट की भी व्यवस्था की जा चुकी है। प्रारंभिक अध्ययन के अनुसार चार लेन (भविष्य में छह लेन तक विस्तार) चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे लगभग 14 किलोमीटर का होगा। इसके लिए विकासकर्ता का चयन शीघ्र कर लिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे राष्ट्र को समर्पित करने के बाद वर्तमान में गंगा एक्सप्रेसवे, बलिया लिंक और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण हो रहा है। इनका निर्माण पूरी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा के अंदर करा लिया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को सौर एक्सप्रेसवे के रूप में विकसित किया जाना है। इसी प्रकार पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के उत्तरी हिस्से में पौधारोपण और दक्षिणी हिस्से में सौर ऊर्जा संयंत्रों को विकसित किया जाए। इन प्रयासों से ये एक्सप्रेसवे राष्ट्रीय पटल पर एक माडल के रूप में प्रस्तुत हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि मेरठ से प्रयागराज को जोड़ने वाले गंगा एक्सप्रेसवे प्रत्येक दशा में दिसंबर 2024 तक आम जनता के लिए उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखें। ताकि वर्ष 2025 में होने वाले कुंभ में देश-दुनिया के श्रद्धालु गंगा एक्सप्रेसवे पर यात्रा का लाभ उठा सकें। उन्होंने मंत्रियों से कहा कि नियमित समीक्षा करते हुए गंगा एक्सप्रेसवे का काम तेज कराएं। योगी ने गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण की प्रगति पर संतोष जताते हुए कहा कि यह गोरखपुर, संतकबीरनगर, आजमगढ़ व अंबेडकरनगर के लोगों के आवागमन के लिए शानदार माध्यम बनेगा। इसका निर्माण समय से पूरा कराया जाए।



अपने सरकारी आवास पर शुक्रवार को एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ • सूचना विभाग

- योगी ने गंगा एक्सप्रेसवे से फर्रुखाबाद को भी जोड़ने के दिए निर्देश
- पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के एक ओर सौर ऊर्जा संयंत्र, दूसरी ओर पौधारोपण

### पांच एक्सप्रेसवे के किनारे बनेंगे 30 औद्योगिक गलियारे

मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच एक्सप्रेसवे पूर्वांचल, बुंदेलखंड, गंगा, आगरा-लखनऊ और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के दोनों ओर 30 औद्योगिक गलियारे के विकास की प्रक्रिया तेज की जाए। गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे 11, बुंदेलखंड में छह, आगरा-लखनऊ में पांच, पूर्वांचल में छह और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे में दो औद्योगिक गलियारे बनेंगे।

### पूरे शहीद पथ पर लगाएं सीसीटीवी कैमरे : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : मुख्यमंत्री ने सेफ सिटी परियोजना की समीक्षा में कहा कि लखनऊ में आधिकाधिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे यथाशीघ्र लगाएं। उद्यमी, बैंकिंग संस्थान, कारोबारी सहित आमजन भी सीसीटीवी कैमरा लगा रहे हैं, इनका उपयोग किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी की लाइफलाइन शहीद पथ को सीसीटीवी कैमरे से पूरी तरह आच्छादित किया जाए। इस बैठक में नगर विकास मंत्री एके शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज सिंह, स्पेशल डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार, प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, पुलिस कमिश्नर एसबी शिरेडकर, डीएम सूर्यपाल गंगवार आदि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने लखनऊ की दैनिक सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि राजधानी को उसकी गरिमा के अनुरूप स्वच्छ रखा जाए। सफाईकर्मियों का भुगतान समय पर होना चाहिए। जी-20 और जीआइएस के समय जिस प्रकार पूरे महानगर की सजावट की गई थी, उसे स्थायी रूप देने की आवश्यकता है। राजधानी के सभी प्रवेश द्वार सजाए जाएं। नगरों में यातायात प्रबंधन पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने ई-रिक्शा, थ्री व्हीलर के लिए मार्ग तय करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी कोई नाबालिग ई-रिक्शा न चलाए। अवैध टैक्सी स्टैंड किसी भी दशा में संचालित न होने पाएं।

दो गांवों के बीच एक किलोमीटर से ज्यादा दूरी होने पर बनेगी सड़क » 11